नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **38**

**V-103**

No. of Printed Pages – **8**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–XI) परीक्षा, 2017

# लेवल – तृतीय

# विषय – स्वास्थ्य देखभाल

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक: 30**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर–पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक के उत्तर 4 से 6 पंक्तियों में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के उत्तर दो पृष्ठ तक लिखें ।

## खण्ड – (अ)

सही विकल्प चुनें : $(10 \times \frac{1}{2} = 5)$

1. औषधि का इस्तेमाल निम्न के लिए नहीं किया जाता है : $\frac{1}{2}$

(अ) बीमारी के बचाव (ब) स्वास्थ्य को बढ़ावा देने

(स) रोग निदान के लिए (द) रोग को बढ़ावा देने के लिए

2. कम्प्लीट मेडिकेशन रिकॉर्ड्स में रोगी का निम्न विवरण नहीं लिखा जाना चाहिए : $\frac{1}{2}$

(अ) पूरा नाम (ब) संतान की संख्या

(स) आयु (द) डॉक्टर का नाम

3. औषधि कौन से मार्ग से दी जाती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) मौखिक (मुँह के जरिए) (ब) टॉपिकल (त्वचा पर)

(स) सबलिंगुअल (जीभ के नीचे) (द) उपरोक्त सभी

4. इनहेलेशन दवाई कौन से मार्ग से दी जाती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) मौखिक (ब) टॉपिकल

(स) आँख के द्वारा (द) श्वास के द्वारा

5. डाइयूरेटिक औषधि का उपयोग किस बीमारी हेतु किया जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) चिकनपॉक्स (ब) क्षय रोग

(स) अस्थमा (द) उच्च रक्त चाप

6. औषधि देने की प्रक्रिया में दिन में दो बार दवाई लेने का संक्षिप्त शब्द है – $\frac{1}{2}$

(अ) Ext (ब) gtt

(स) b.i.d. (द) a.m.

7. एड्रिनल ग्रंथि की समस्याओं और मस्तिष्क सूजन (एडिमा) में उपयोगी दवा कौन सी है ? $\frac{1}{2}$

(अ) एट्रोपिन (ब) कार्टिसोन

(स) डिजिटॉक्सिन (द) नाइट्रोग्लिसरीन

8. शरीर का धड़ और एक या एक से अधिक हाथ/पैर को ढकने वाले कास्ट को क्या कहा जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) स्पाइक कास्ट (ब) सिलिंडर कास्ट

(स) लोअर एक्स्ट्रीमिटी कास्ट (द) बॉडी कास्ट

9. बच्चे के साथ दुर्घटना होने की संभावना को बढ़ाने वाले कारक निम्न हैं : $\frac{1}{2}$

(अ) तनाव (ब) अपर्याप्त निगरानी

(स) जिज्ञासा (द) उपरोक्त सभी

10. गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रेक्ट के जरिए दवा देने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) इंट्राकार्डिअक (ब) सबक्यूटेनियस

(स) इंटेरल (द) ट्रांसडर्मल

## खण्ड – (ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : $(20 \times \frac{1}{2} = 10)$

11. इंट्राआर्टिक्यूलर मार्ग का __________ में प्रयोग किया जाता है । $\frac{1}{2}$

12. त्वचा के संपर्क में आने पर __________ पिघल जाता है । $\frac{1}{2}$

13. __________ औषधि मिश्रण ठोस सामग्री के स्थायी बिखराव या निलंबन होते हैं । $\frac{1}{2}$

14. विसरण प्रक्रिया मेम्ब्रेन में __________ सांद्रण के क्षेत्र से निम्न सांद्रण के क्षेत्र में दवा के अणुओं की गति को दर्शाता है । $\frac{1}{2}$

15. अस्पताल का माहौल बच्चे के लिए __________ स्थान हो सकता है । $\frac{1}{2}$

16. संचार व्यवस्था में एक जन सूचना प्रवक्ता लोगो, मीडिया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ __________ करेगा । $\frac{1}{2}$

17. उच्च माँग वाली सेवाओं जैसे एमर्जेंसी, सर्जिकल और इंटेसिव केयर यूनिट में स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को __________ प्रदान करते हैं । $\frac{1}{2}$

18. रोगियों, उपकरणों व आपूर्तियों के परिवहन के लिए ट्रॉली, स्ट्रेचर्स को _________ परिवहन में शामिल किया जाता है । $\frac{1}{2}$

19. परिवहन सुरक्षित, नियमित और _________ होना चाहिए । $\frac{1}{2}$

20. उपचार में हरा टैग _________ का प्रतीक है । $\frac{1}{2}$

21. बचाव कार्य के लिए प्रयोग किया जाने वाला स्ट्रेचर _________ कहलाता है । $\frac{1}{2}$

22. बच्चों के लिए दवा _________ से लेना सबसे उचित होता है । $\frac{1}{2}$

23. ब्य़ूकल दवाओं को दाँत के बीच _________ के नीचे रखा जाता है । $\frac{1}{2}$

24. _________ एक बहुत ही गंभीर एलर्जिक रिएक्शन है । $\frac{1}{2}$

25. दर्द और माँसपेशियों के ऐंठन में कमी लाने में _________ का उपयोग किया जाता है । $\frac{1}{2}$

26. किसी विशेष जोड़ के संचालन को बढ़ाने के लिए लक्षित गतिविधि _________ व्यायाम कहलाती है । $\frac{1}{2}$

27. _________ एक योजनाबद्ध, संरचित और दुहराई जाने वाली शारीरिक गतिविधि है । $\frac{1}{2}$

28. गलत वार्म अप से माँसपेशी में _________ आ सकता है । $\frac{1}{2}$

29. श्वसन व्यायामों से _________ में सुधार आता है । $\frac{1}{2}$

30. _________ व्यायाम से उच्च रक्तचाप, सिर दर्द व तनाव की समस्याओं से आराम मिलता है । $\frac{1}{2}$

## खण्ड – (स)

चार से छः पंक्तियों में उत्तर दीजिए : **$(6 \times 1\frac{1}{2} = 9)$**

31. ऑस्मोटिक प्रेशर कंट्रोल सिस्टम को समझाइए । $1\frac{1}{2}$

32. क्लीनिंग एजेंट क्या है तथा अस्पताल में काम आने वाले क्लीनिंग एजेंट के बारे में बताइए । $1\frac{1}{2}$

33. ऑपरेशन थिएटर की साफ–सफाई का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}$

34. विषाक्तता वाली दुर्घटनाओं में बचाव के उपायों को स्पष्ट कीजिए । $1\frac{1}{2}$

35. कार्डिएक रिहैबिलिटेशन (हृदयी संबंधी पुनर्वास व्यायाम) को संक्षिप्त में समझाइए । $1\frac{1}{2}$

36. व्यायाम करने में किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए ? $1\frac{1}{2}$

## खण्ड – (द )

दो पृष्ठों में उत्तर दीजिए : **(2 × 3 = 6)**

37. शारीरिक जाँच के उद्देश्य लिखकर शारीरिक जाँच की तकनीकियों को विस्तार से समझाइए। **3**

**अथवा**

रोगी को भर्ती करने में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट की भूमिका को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

38. फ्यूमिगेशन क्या है तथा फ्यूमिगेशन के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए। **3**

**अथवा**

ड्रेसिंग ट्रॉली की सामग्रियों की सारणी बनाइए तथा ड्रेसिंग के चरणों के बारे में बताइए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE